<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–03.07.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>

## मुख्य समाचार

1. **केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रांची में** रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर **का उद्‌घाटन और गढ़वा मे एनएच–75 फोरलेन बाईपास का किया लोकार्पण, कहा–झारखंड के विकास में केंद्र करेगा हरसंभव सहयोग।**
2. **रांची में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक मे सुंडी शौंडिक समाज ने रखी ओबीसी सूची में शामिल करने की मांग, आयोग अध्यक्ष ने सकारात्मक अनुशंसा का दिया आश्वासन।**
3. **भोगनाडीह लाठीचार्ज को लेकर झामुमो ने भाजपा पर लगाया साजिश का आरोप, रामगढ़ में प्रेस वार्ता, गिरिडीह में टावर चौक पर हुआ प्रदर्शन।**
4. **हजारीबाग में उत्तम यादव गिरोह के 9 अपराधी गिरफ्तार, जनता में भरोसा और कानून का भय बढ़ाने के लिए पुलिस ने कराया आरोपियों का पैदल मार्च।**
5. **रांची मे 15वीं सब जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप का मंत्री सुदिव्य कुमार ने किया उद्‌घाटन, देशभर की 28 टीमें तीन डिविजन में लेंगी हिस्सा।**

******************

झारखंड को आज बहुप्रतीक्षित रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर की सौगात मिली है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लगभग 558 करोड़ रुपये की लागत से बने रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्‌घाटन किया। इसके निर्माण में करीब ढाई वर्ष का समय लगा। फ्लाई ओवर शुरु होने से आवागमन में सहुलियत होगी वहीं इससे आर्थिक गतिविधियों को भी रफ्तार मिलेगी। इस सिलसिले में स्थानीय ओटीसी ग्राउंड में लोकार्पण समारोह का भी आयोजन किया गया। जहां श्री गडकरी समेत केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और अन्य नेता शामिल हैं।

इससे पहले श्री गडकरी ने आज गढ़वा में 22 किलोमीटर लंबे एनएच–75 गढ़वा फोरलेन बाईपास का लोकार्पण किया। उन्होंने हूर गांव से 2456 करोड़ रुपये की विभिन्न सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया और जनसभा को भी संबोधित किया। इस अवसर पर श्री गडकरी ने गढ़वा से अंबिकापुर तक 450 करोड़ रुपये और औरंगाबाद–डाल्टेनगंज भाया पड़वा मोड़ फोरलेन सड़क के लिए 670 करोड़ रुपये की स्वीकृति की घोषणा की। साथ ही चतरा सांसद की मांग पर चंदवा में फोरलेन सड़क परियोजना को भी मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि झारखंड में 2 लाख करोड़ की लागत से सड़क निर्माण हो रहा है और केंद्र सरकार राज्य के विकास के लिए हर संभव सहयोग देगी।

******************

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर और सदस्य भुवन भूषण कमल झारखंड दौरे पर आज रांची पहुंचे। आयोग की बैठक में सुंडी शौंडिक समाज के प्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार की ओबीसी सूची में जाति को शामिल करने की मांग संबंधित दस्तावेजों के साथ रखी। बैठक में आयोग के अध्यक्ष ने मांग पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उचित अनुशंसा का आश्वासन दिया।

******************

रामगढ़ में झामुमो जिला अध्यक्ष विनोद किस्कु ने आज प्रेस वार्ता कर भोगनाडीह में हुल दिवस के दिन हुए लाठीचार्ज के लिए भाजपा, चंपई सोरेन और मंडल मुर्मू को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा साजिश के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बदनाम करने का प्रयास कर रही है। श्री किस्कु ने कहा कि झामुमो ऐसे संथाली नेताओं को बर्दाश्त नहीं करेगा ।

उधर पाकुड़ में भी झामुमो कार्यकर्ताओं ने भोगनाडीह की घटना और मुख्यमंत्री की हत्या की साजिश के विरोध में भाजपा का पुतला दहन किया। जिलाध्यक्ष एजाजुल इस्लाम के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

इधर गिरिडीह में झामुमो जिला इकाई ने भाजपा पर झारखंड को अशांत करने का आरोप लगाया। एक प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह और पूर्व विधायक केदार हाजरा ने भोगनाडीह की घटना को भाजपा की साजिश बताया और टावर चौक पर पुतला दहन किया।

*******************

महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी कल रांची में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन करेंगी। यह केंद्र पूर्वी भारत के झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में प्रशिक्षण और अनुसंधान के माध्यम से सेवा वितरण को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

*******************

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह कल रांची के हेहल में केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में सशक्त पंचायत–नेत्री अभियान विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत स्तर पर महिला नेतृत्व को सशक्त बनाना है।

*******************

हजारीबाग पुलिस ने अपराधी उत्तम यादव गिरोह के 9 सक्रिय सदस्यों को हथियार और आपत्तिजनक सामान के साथ गिरफ्तार किया है। ये आरोपी 22 जून को श्री.ज्वेलर्स में हुई फायरिंग की घटना में शामिल थे, जिसमें दो अभियुक्तों को रांची से पकड़ा गया। एसपी अंजनी अंजन ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि कानून का भय स्थापित करने के लिए पुलिस ने सभी आरोपियों का शहर में पैदल मार्च कराया, जिससे आम लोगों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है।

*******************

चतरा जिले में 15 दिनों से हो रही लगातार बारिश का प्रतिकूल असर गरमा और भदई फसलों पर पड़ा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

**अब कुछ संक्षिप्त खबरें**

- सरायकेला–खरसावां के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति को मादक पदार्थ के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया।
- धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन ने समाज कल्याण विभाग में संविदा पर कार्यरत 53 कर्मियों की सेवा अवधि 2025–26 के लिए बढ़ाने की स्वीकृति दी। साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई और विभागीय योजनाओं की सघन निगरानी के निर्देश दिए।
- गुमला में जिला उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो ने भरनो प्रखंड में मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रही योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

*******************

**अब कुछ खेल की खबरें**

15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चौंपियनशिप का उद्घाटन खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने आज रांची के मोराबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में किया। यह प्रतियोगिता 14 जुलाई तक हॉकी इंडिया, झारखंड सरकार और हॉकी झारखंड दवारा संयुक्त से आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में देशभर से कुल 28 टीमें हिस्सा ले रही हैं। कार्यक्रम में पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी असुंता लकड़ा, सुभद्रा प्रधान सहित हॉकी झारखंड के कई पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

*******************

सरायकेला–खरसावां के बिरसा मुंडा स्टेडियम में आज से तीन दिवसीय जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू हुई। उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता मे बॉयज अंडर–15 और अंडर–17, तथा गर्ल्स अंडर–15 की कुल 18 टीमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भाग्य आजमा रही हैं।

*******************

गुमला में 5 जुलाई को वर्ल्ड बैडमिंटन डे के अवसर पर एक दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता स्मैश–अ–थोन का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन इनडोर स्टेडियम में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहा है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने आज इनडोर स्टेडियम परिसर में नए बैडमिंटन मैट का उद्घाटन किया।

***************